आईआईएम: एगॉन रश में प्रतिभागियों ने हुनर का किया प्रदर्शन

हिन्दुस्तान टीम,रांची Newswrap Sat, 05 Feb 2022 09:30 PM

हिन्दुस्तान

रांची। प्रमुख संवाददाता

आईआईएम रांची के वार्षिक प्रबंधन, सांस्कृतिक और खेल उत्सव-एगॉन रश-2022 के दूसरे दिन शनिवार को देशभर के शीर्ष बी-स्कूलों के छात्रों की 13 से अधिक प्रतियोगिताओं में भागीदारी रही। इस बार की थीम 'अपनी सीमाओं को परिभाषित करें है।

मां सरस्वती की पूजा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सभी टीमों ने टीम भावना और खेल भावना के साथ भाग लिया। आईआईएम रांची की खेल समिति ने यूएनओ और पोकर के वर्चुअल गेम की व्यवस्था की थी। देशभर के कॉलेजों के प्रतिभागियों ने सभी खेलों में भाग लिया। इनसाइटेल्स-2.0, प्रतियोगिता में आईआईएमबी, एससीएमएचआरडी, आईएमआई सहित विभिन्न बी-स्कूलों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतिभागियों ने दो से तीन लोगों के समूहों में काम किया।

एनकेस-6.0 लाइव केस स्टडी प्रतियोगिता प्रोलिशियस की ओर से प्रायोजित थी। प्रतिभागियों ने उत्पाद के लिए पर्यावरण के अनुकूल प्रोटोटाइप पैकेजिंग से लेकर आकर्षक डिजिटल विज्ञापनों तक कई नए विचारों को सामने लाया। आईआईएम रांची के सामाजिक उत्तरदायित्व क्लब समर्पण ने सीएसआर और सामाजिक जागरुकता पर एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी की मेजबानी की। 30 मिनट की ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई, जिसमें एनआईटीआईई, एसजेएमएसओएम, वीजीएसओएम, जेबीआईएमएस, एसपीजेआईएमआर, एक्सएलआरआई जैसे विभिन्न बी-स्कूलों से भागीदारी रही। सृजन- इन्फोग्राफिक प्रतियोगिता पॉलीनॉमिक्स की ओर से आयोजित की गई थी, जो रचनात्मक होने और आर्थिक, सामाजिक, सार्वजनिक नीति का विश्लेषण करने पर आधारित थी।

मार्केटिंग क्लब मार्क्केस, ने रिवाइव कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें मौजूदा बाजार परिदृश्य में नवीन विपणन रणनीतियों और मॉडलों के साथ ब्रांड के पुनरुद्धार पर ध्यान केंद्रित किया गया।

सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित स्टार नाइट मुख्य आकर्षण रहा। तन्मय म्यूजिक और मनन पोटैटो ने एक ऐसा शो पेश किया, जो बहुप्रतीक्षित और उत्साह से भरा हुआ था। अनु जैन की संगीत प्रस्तुति पर छात्र-छात्राएं झूम उठे।